सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री शिवचरण मीना, निवासी 62 ए, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस कॉलोनी, गुप्तेश्वर रोड दौसा जिला दौसा राजस्थान– 303303

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा

अपील संख्या 85/2021

निर्णय दिनांक 29.11.2021

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा जिला दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा द्वारा सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए पत्र कमांकः आरटीआई/2021/934 दिनांक 29.10.2021 द्वारा इस कार्यालय को अवगत कराते हुए प्रति आवेदक को प्रेषित की गई है जिसके द्वारा आवेदक द्वारा चाही गई सूचना उपलब्ध करा दी जाना अंकित किया है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। परन्तु अपीलांट द्वारा दिनांक 17.11.2021 को प्रा0पत्र प्रस्तुत कर चाही गई सूचना उपलब्ध नहीं कराया जाना अवगत कराया गया। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को पुनः पत्र कमांक:2719 दिनांक 22.11.2021 जारी कर अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिये गये। जिसकी पालना में लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है, जिससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(पीयुष समारिया)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलक्टर, दौसा